# कटौती और स्मार्ट मीटर के विरोध में प्रदर्शन

▸ विरोध स्वरूप कांग्रेस विधायक दोगने ने गले में टांगा स्मार्ट मीटर



नवभारत न्यूज

**हरदा, 23 जून. जिले में अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज और स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में कांग्रेस ने बिजली कंपनी के डीई कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया. विधायक डॉ. आरके दोगने ने गले में स्मार्ट मीटर लटकाकर विरोध जताया और कार्यकर्ताओं के साथ कार्यालय में प्रवेश करने का प्रयास किया, जिसे पुलिस ने गेट पर रोक दिया.**

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद व्यास ने आरोप लगाया कि सरकार स्मार्ट मीटर के जरिए जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रही है, जबकि अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान हैं.कांग्रेस नेताओं ने मेंटेनेंस के नाम पर लगातार बिजली बंद करने और शिकायतों के बावजूद समाधान नहीं होने का आरोप लगाया.

उधर, बिजली विभाग के डीई संजय यादव ने बढ़ती गर्मी, एसी-कूलर के अधिक उपयोग और बढ़े हुए लोड के कारण फॉल्ट बढ़ने की बात कही.उन्होंने स्पष्ट किया कि स्मार्ट मीटर लगाने के लिए उपभोक्ता की सहमति लेने संबंधी कोई आदेश नहीं है.

विधायक डॉ. दोगने ने विभाग पर मेंटेनेंस में लापरवाही और घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को बार-बार बिजली कटौती, भारी बिलों और अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस ने बिजली व्यवस्था में सुधार और स्मार्ट मीटर योजना पर पुनर्विचार की मांग की .इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पंवार , पूर्व नपाध्यक्ष हेमंत काले ,अहद खान , सुप्रिया पटेल , प्रमिला सिंह ठाकुर , जिला प्रवक्ता आदित्य गार्गव ,नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी , धर्मेन्द्र चौहान योगेश चौहान , रमेश सोनकर ,मुन्ना पटेल, मुजाहिद अली , नवीन पाल , कृष्णा विश्नोई सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे.

# महानाट्य 'डॉ. हेडगेवार' का मंचन



**सिवनी मालवा, 23जून . संघ शताब्दी वर्ष एवं राष्ट्रगीत 'वन्देमातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सिवनी मालवा में पहली बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन पर आधारित भव्य महानाट्य 'डॉ. हेडगेवार - एक व्यक्ति, एक विचार, एक युग (पार्ट-1)' का मंचन किया गया.**

करीब ढाई घंटे तक चली प्रस्तुति ने दर्शकों को राष्ट्र निर्माण, संगठन और सेवा के संदेश से प्रेरित किया.कार्यक्रम का आयोजन निकुम सोशल कल्चरल एंड वेलफेयर सोसायटी तथा जन सेवा शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में किया गया. शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं राष्ट्रगीत 'वन्देमातरम' के सामूहिक गायन से हुआ. इसके बाद कलाकारों ने डॉ. हेडगेवार के जीवन, संघ स्थापना और प्रारंभिक संघर्षों को प्रभावशाली ढंग से मंचित किया.नाटक में उनके त्याग, राष्ट्रभक्ति, संगठन निर्माण की सोच और सामाजिक जागरण के प्रयासों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया. साथ ही संघ के प्रारंभिक कार्यकर्ताओं के योगदान को भी दर्शाया गया. प्रस्तुति में जन्म से लेकर संघ स्थापना, महाप्रयाण और गुरु गोलवलकर को उत्तराधिकारी बनाए जाने तक की घटनाओं का मंचन हुआ.

इस महानाट्य का लेखन और निर्देशन स्थानीय युवा रंगकर्मी द्वारा किया गया है तथा इसे भविष्य में देश-विदेश के विभिन्न मंचों पर प्रस्तुत करने की योजना है.

# विधायक ने 11 ग्रामों को दिए पानी के टैंकर



नवभारत न्यूज

**हरदा, 23 जून. भीषण गर्मी और पेयजल संकट को देखते हुए हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने विधायक निधि वर्ष 2026-27 से विधानसभा क्षेत्र के 11 ग्रामों को फायर फाइटर पानी टैंकर वितरित किए. इनमें मुरलीखेड़ा, बंदीमालौर, जयमलपुरा, भवरदीमाल, बारंगी, सांगवामाल, कालधड़, नीमखेड़ामाल, लोध्याखेड़ी, जामन्या एवं नगावामाल शामिल हैं.**

विधायक डॉ. दोगने ने कहा कि टैंकरों का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के साथ-साथ आगजनी जैसी आपात स्थितियों में त्वरित राहत के लिए किया जाएगा. इससे जल संकट से राहत मिलने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों की आपदा प्रबंधन व्यवस्था भी मजबूत होगी. टैंकर प्राप्त करने वाले ग्रामों के सरपंचों एवं ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल से गर्मी के मौसम में पेयजल उपलब्धता और सुरक्षा व्यवस्था दोनों को मजबूती मिलेगी.कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे.

## खैरीकला में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

**पिपरिया.** लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माणाधीन तरौनकला-खैरीकला-मुहारी-कुर्सीखापा-सोनपुर मार्ग पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई. उक्त मार्ग पर स्थित ग्राम खैरीकला में राजस्व टीम द्वारा किए गए सीमांकन के आधार पर पीडब्ल्यूडी एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण हटाया.कार्रवाई के दौरान

नायब तहसीलदार नीरज बैस तथा पीडब्ल्यूडी एसडीओ राहुल मंडलोई एवं उपयंत्री कैलाश गुर्दे सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे. इससे पूर्व भी ग्रामीणों के सहयोग से खैरीकला ग्राम में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा चुकी है.

## शांति समिति की बैठक आयोजित

**पिपरिया,23जून.**मंगलवारा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी त्योहारों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई.बैठक में एसडीओपी मोहित कुमार यादव, तहसीलदार वैभव बैरागी, मंगलवारा थाना प्रभारी आदित्य सेन, स्टेशन रोड थाना प्रभारी मदनलाल पवार, एमपीबीएई के एई मयंक शर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट एवं नायब तहसीलदार नीरज बैस, प्रभारी सीएमओ मुकेश पठारिया तथा जिला योजना समिति भारत सरकार के पूर्व सदस्य अरविंद राय सहित अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.

# फौजी बनकर आया बनखेड़ी का युवा

▸ रेलवे स्टेशन पर किया भव्य स्वागत

**पिपरिया,23जून. बनखेड़ी तहसील के ग्राम देहलवाड़ा खुर्द निवासी सैनिक प्रेमचंद अहिरवार का प्रशिक्षण पूर्ण कर पहली बार फौजी वर्दी में गृह आगमन पर नगरवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया.**

प्रेमचंद के रेलवे स्टेशन पहुंचते ही संकल्प फाउंडेशन के पदाधिकारियों, नागरिकों, समाजसेवियों तथा परिजनों ने पुष्पमालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया. प्रेमचंद अहिरवार राजकोट एक्सप्रेस से बनखेड़ी रेलवे स्टेशन पहुंचे. स्टेशन पर स्वागत के बाद ढोल-नगाड़ों एवं देशभक्ति के नारों के साथ नगर के मुख्य मार्गों से जुलूस निकाला गया. इसके पश्चात उन्हें उनके गृह ग्राम देहलवाड़ा खुर्द पहुंचाया गया, जहां उन्होंने अपने माता-पिता का आशीर्वाद लिया.इस भावुक क्षण में प्रेमचंद ने अपने पिता को सैल्यूट किया तथा अपनी सैन्य टोपी उनके सिर पर रखकर सम्मान व्यक्त किया.

गौरतलब है कि प्रेमचंद अहिरवार ने कठिन परिश्रम एवं संघर्ष के बल पर वर्ष 2025 में अग्निवीर के रूप में भारतीय सेना में चयन प्राप्त किया था. उन्होंने महाराष्ट्र के अहमदनगर स्थित आर्मर्ड रेजीमेंट (टैंक रेजीमेंट) केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के बाद सैन्य वर्दी में यह उनका प्रथम गृह आगमन था.स्वागत कार्यक्रम में संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष केसर सिंह चौधरी, रिद्धराज सिंह राजपूत, सुखदेव सिंह कालोटी, बलराम पाटर, श्यामलाल कहार, निरंजन वैष्णव तथा निराश्रित मानव यज्ञ समिति के अध्यक्ष जितेंद्र भार्गव सहित बड़ी संख्या में नगरवासी, समाजसेवी एवं परिजन उपस्थित रहे.इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने सैनिक प्रेमचंद अहिरवार तथा उनके परिवार को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

# डॉ. मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि



नवभारत न्यूज

**हरदा, 23 जून. भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 73वें बलिदान दिवस पर वार्ड क्रमांक 18 स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्यान एवं भाजपा कार्यालय में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए.**

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सिंह वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जिस विचार और उद्देश्य के लिए बलिदान दिया था, वह आज साकार हुआ है.उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 हटाया जाना डॉ. मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि है.कार्यक्रम में जिला महामंत्री बसंत सिंह राजपूत, राजेश गोदारा, मंडल अध्यक्ष नितेश बादर, महामंत्री पुरुषोत्तम झिंझोरे, नपा उपाध्यक्ष अंशुल गोयल,के.एल.कुशवाह, महेंद्र प्रजापति , गजानन डाले , विवेक गहलोत, उदय सिंह चौहान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# टवेरा और स्कॉर्पियो की आमने सामने टक्कर में 8 लोग घायल

▸ चार गंभीर घायलों को नर्मदापुरम रेफर किया गया

**पिपरिया,23जून. साडिया और माथनी के बीच टवेरा एवं स्कॉर्पियो की आमने-सामने टक्कर में 8 लोग घायल हो गए.**

साडिया चौकी क्षेत्र के अंतर्गत टवेरा वाहन सालीचौका-सावन से नयागांव महेश्वर बरेली जा रहा था. इसी दौरान माथनी के पास टवेरा और स्कॉर्पियो में आमने-सामने टक्कर हो गई.दुर्घटना में टवेरा में सवार नंदनी पति होशियार सिंह पारदी (23 वर्ष), अंजली पिता होशियार सिंह (8 वर्ष), रामगोपाल पिता परदेशचंद (26 वर्ष), होशियार सिंह पिता हेकचंद (35 वर्ष), सुमित पिता गुड्डू (8 वर्ष), मुन्नीबाई पति गोपाल (40 वर्ष) तथा राधाबाई पति रामगोपाल (25 वर्ष) घायल हो गए.

गंभीर रूप से घायल नंदनी, अंजली, रामगोपाल एवं होशियार सिंह को डॉ. देवेंद्र ठाकुर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद नर्मदापुरम रेफर किया गया.

जागरुकता ▸ पर्यावरण संरक्षण : शासकीय कन्या महाविद्यालय में चला सीड बॉल निर्माण अभियान

# आने वाली पीढ़ी को हरित विरासत सौंपने की पहल



नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा 23 जून. पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के निर्माण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए शासकीय कन्या महाविद्यालय में वनस्पति शास्त्र विभाग, इको क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में सीड बॉल निर्माण अभियान का आयोजन किया गया.**

कलेक्टर के निर्देशन एवं प्राचार्य के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान में छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए बड़ी संख्या में सीड बॉल तैयार किए.

इस अवसर पर नीम, जामुन, अमलतास, गुलमोहर, करंज, शीशम, अर्जुन, कचनार, इमली, सहजन, गटारन, बबूल और आंवला जैसे छायादार, औषधीय एवं पर्यावरण हितैषी वृक्षों के बीजों को मिट्टी और जैविक पदार्थों के साथ मिलाकर सीड बॉल तैयार किए गए.वर्षा ऋतु के दौरान इन सीड बॉलों का विभिन्न क्षेत्रों में विसर्जन किया जाएगा,

कार्यक्रम में प्राचार्य एवं वनस्पति शास्त्र विशेषज्ञ डॉ. उमेश कुमार धुर्वे ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह प्रकृति संरक्षण के लिए अपना योगदान दे.सीड बॉल निर्माण जैसी पहलें युवाओं में पर्यावरणीय चेतना विकसित करने के साथ-साथ हरित भविष्य के निर्माण का मजबूत आधार तैयार करती हैं. वनस्पति शास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. रजनीकांत वर्मा ने कहा कि एक बीज अपने भीतर संपूर्ण वन बनने की संभावनाएं समेटे रहता है.


